राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, जयपुर
बी-39, सरदार पटेल मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302001

Rajasthan Nursing Council, Jaipur
B-39, Sardar Patel Marg, C-Scheme, Jaipur - 302001

राजस्थान सरकार
Government of Rajasthan

क्रमांकः आर.एन.सी/परीक्षा/2024/ 11147 दिनांकः- 12/03/2024

समस्त,
राजकीय/निजी जी.एन.एम.
प्रशिक्षण केन्द्रों, राजस्थान।

विषयः- जी.एन.एम. प्रथम वर्ष(न्यू सलेबस) मुख्य परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म ऑन-लाईन भिजवाने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि जी.एन.एम. प्रथम वर्ष (न्यू सलेबस) मुख्य परीक्षा आयोजित किये जाने के संबंध में कौंसिल के पत्रांक RNC/परीक्षा/2024/10620 दिनांक 07.02.2024 के द्वारा उक्त परीक्षा में बैठने की योग्यता रखने वाले प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा फार्म राजस्थान नर्सिंग कौंसिल की विभागीय पोर्टल www.rncjaipur.org पर दिनांक 12.03.2024 (मंगलवार) रात्रि 12:00 बजे तक अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया था। परन्तु किसी कारणवश संस्था द्वारा परीक्षा फार्म अपलोड नही किये गये। प्रशिक्षणार्थीयों के भविष्य को मद्देनजर रखते हुये उक्त तिथि को बढाकर दिनांक 28.03.2024 रात्रि 12:00 बजे तक किया जाता है।

अतः परीक्षा में बैठने की योग्यता रखने वाले प्रशिक्षणार्थियों के परीक्षा फार्म राजस्थान नर्सिंग कौंसिल, विभागीय पोर्टल www.rncjaipur.org पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी स्थिति में परीक्षा फार्म स्वीकार नही किये जायेगे ना ही तिथि बढाई जायेगी। अतः परीक्षा फार्म भरे हुये का प्रिंट लेकर प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापित कर दस्तावेजों को संलग्न कर कार्यालय दिनांक 01.04.2024 सांयकाल 05.00 बजे तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें।
अतः शेष शर्ते कौंसिल के पत्रांक 10620 दिनांक 07.02.2024 के अनुसार यथावत् रहेगी।

पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करावें।

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।

क्रमांकः आर.एन.सी/परीक्षा/2024/ 11147 दिनांकः- 12/3/24
प्रतिलिपी सूचनार्थ प्रेषित है।

1. निदेशक (जन स्वास्थ्य) एवं पदेन अध्यक्ष, राज. नर्सिंग कौंसिल, जयपुर।
2. रक्षित पत्रावली,

रजिस्ट्रार
राजस्थान नर्सिंग कौंसिल
जयपुर।